**संत कबीर जयंती के उपलक्ष्य में**

**‘संत कबीर : समकालीन समाज, दर्शन और साहित्य‘ विषय पर**

**हिंदी विश्वविद्यालय में 5 -7 जून तक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय में संचालित हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र द्वारा हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग तथा दर्शन एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से कबीर जयंती के अवसर पर 5, 6 और 7 जून को ‘संत कबीर : समकालीन समाज, दर्शन और साहित्य‘ विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि हिंदी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. कमलेश दत्त त्रिपाठी जी होंगे तथा संपूर्ति सत्र के मुख्य अतिथि केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल ‘निशंक’ जी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल सर करेंगे। हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग की अध्यक्ष प्रो. प्रीति सागर वेबिनार की संयोजक होंगी एवं दर्शन एवं संस्कृति विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. जयंत उपाध्याय सह-संयोजक होंगे।

कार्यक्रम का उदघाटन 05 जून को 11 बजे होगा। इस वेबिनार में संत कबीर और समकालीन समाज, हिंदी साहित्य और संत कबीर, मुलगादी मठ कबीर चौरा द्वारा कबीर बानी का गायन, दार्शनिक धरातल पर कबीर, वर्तमान का संकट और संत कबीर, संत कबीर और भारतीय संस्कृति आदि विषयों पर विभिन्न सत्रों में विमर्श होगा। इन सत्रों में प्रो. नंद किशोर पाण्डेय, प्रो. टी.वी. कट्टीमनी, प्रो. एन. लक्ष्मी अय्यर, प्रो. हरिश्चंद्र मिश्र, प्रो. हरमोहिंदर सिंह बेदी, प्रो. सुषमा यादव, प्रो. कुलदीप चंद्र अग्निहोत्री, प्रो. हरीश कुमार शर्मा, प्रो. प्रेमशंकर त्रिपाठी, संत विवेकदास, प्रो. अरविंद कुमार राय, प्रो. डी. गंगाधर, डॉ. भागीरथी, डॉ. हरीश दास, प्रो. कैलाश नारायण तिवारी, प्रो. रामजी तिवारी, प्रो. सुधीर कुमार,डॉ. किरन हजारिका, डॉ. उदय प्रताप सिंह, संत विचारदास, प्रो. अवधेश कुमार, प्रो. अखिलेश कुमार दुबे, डॉ. गोपालकृष्ण ठाकुर, डॉ. अमरेंद्र श्रीवास्तव एवं डॉ. सुनील कुमार विचार रखेंगे। सत्रों की अध्यक्षता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, प्रो. प्रीति सागर, प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल, प्रो. अनिल कुमार राय, प्रो.कृपाशंकर चौबे करेंगे। वेबिनार का समापन 07 जून को 4 बजे होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल ‘निशंक’ संबोधित करेंगे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल करेंगे।

इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय वेबिनार का लाइव प्रसारण विश्वविद्यालय के आधिकारिक यूटयूब चैनल के लिंक https://www.youtube.com/vcomgahv पर होगा।